**राजस्थान सरकार**

निदेशालय कोष एवं लेखा

*वित्त भवन,"ए" ब्लॉक, जनपथ, जयपुर-* 302005

( दूरभाष 0141-2740735, फैक्स 0141-2742309, ई मेल jacct.dta@rajasthan.gov.in )

**क्रमांक :-** एफ.4(ई)(1)(6)/क.ले. प्रशि./2017/अलेसे-III / 2791 **दिनांक :-** 15-02-2019

**आदेश संख्या : 338/2018-19**

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के निम्नांकित कार्मिको को **हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (रीपा), रानी रोड़, उदयपुर-313001** में दिनांक **18/02/2019** से **12/04/2019** तक आयोजित होने वाले **कनिष्ठ लेखाकार** पद के आठ सप्ताह के संस्थानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिनांक **18/02/2019** को प्रातः **09:30** बजे संस्थानिक प्रशिक्षण के लिए उपस्थिति देने हेतु मनोनीत किया जाता हैं:-

| क्र. सं. | कनिष्ठ लेखाकार का नाम एवं पिता का नाम | मेरिट नम्बर | पदस्थापन कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | आदित्य कुमार **S/o** फूल सिंह यादव | 02 / 2013 | तहसीलदार, राजस्व विभाग, नीमराना, अलवर। |
| 2 | कमलेश पाटीदार **S/o** केशव लाल पाटीदार | 797 / 2013 | कोषाधिकारी, (ग्रामीण) कोष एवं लेखा, उदयपुर। |
| 3 | कमलजीत सिंह **S/o** गिरधारी सिंह शेखावत | 939 / 2013 | कोषाधिकारी (ग्रामीण) कोष एवं लेखा, उदयपुर। |
| 4 | शीतल यादव **D/o** फूल सिंह | 1300 / 2013 | उपकोषाधिकारी (स्वतंत्र) कोष एवं लेखा, बहरोड़, अलवर। |
| 5 | अरूण सिंह **S/o** सुल्तान सिंह गढ़वाल | 1271 / 2013 | ग्रुप कमाण्डर एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर नेशनल केडट कॉर्पस, उदयपुर। |
| 6 | भूवनेश उपाध्याय **S/o** ओमप्रकाश | 2831 / 2013 | कोषाधिकारी, (ग्रामीण) कोष एवं लेखा, उदयपुर। |
| 7 | हेमन्त खांट **S/o** दनेश्वर खांट | 3598 / 2013 | सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, गढ़ी, बांसवाड़ा। |

उक्त प्रशिक्षण की अवधि आठ सप्ताह (सात सप्ताह का संस्थानिक प्रशिक्षण व एक सप्ताह का परीक्षा कार्यक्रम) की होगी तथा प्रशिक्षण का समय प्रातः **09:30** से सायं **06:00** बजे तक रहेगा। उक्त प्रशिक्षण अवधि में सभी प्रशिक्षणार्थियों को वेतन एवं भत्ते आदि का भुगतान उनके वर्तमान पदस्थापन कार्यालय द्वारा ही किया जायेगा।

यह प्रशिक्षण पूर्णतः गैर आवासीय है, अतः प्रशिक्षणार्थी को आवास व खान-पान आदि की व्यवस्था स्वंय के स्तर पर करनी होगी।

उपरोक्त सभी कार्मिकों को राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम 1963 के नियम 32(2) के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। अतः सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष से अनुरोध है कि वे उनके कार्यालय/विभाग में कार्यरत उपरोक्त समस्त कार्मिकों को प्रशिक्षण हेतु आवश्यक रूप से कार्यमुक्त करें। किसी भी कार्मिक को प्रशिक्षण से मुक्त रखना संभव नहीं होगा।

प्रशिक्षण की समाप्ति उपरान्त उपरोक्त सभी **कनिष्ठ लेखाकार** अपने वर्तमान पदस्थापन कार्यालय में ही उपस्थिति देंगे।

यदि किसी कार्मिक ने कनिष्ठ लेखाकार पद का संस्थानिक प्रशिक्षण पूर्व में प्राप्त कर लिया है तो उसे पुनः प्रशिक्षण के लिए कार्यमुक्त नही किया जावें। यदि किसी कार्मिक के वर्तमान पदस्थापन कार्यालय में कोई परिवर्तन हुआ है तो उसे परिवर्तित कार्यालय (वास्तविक रुप से कार्यरत कार्यालय) के कार्यालयाध्यक्ष द्वारा कार्यमुक्त किया जावेंगा।

15-2-19

**(मुकुन्द सोहोनी)**

**निदेशक**

**क्रमांक:-** एफ.4(ई)(1)(6)/क.ले. प्रशि./2017/अलेसे-III / 2791 **दिनांक :-** 15-02-19

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-**

. महानिदेशक, ह.च.मा. राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर।

. प्रभारी अधिकारी, (प्रशिक्षण एवं आयोजना) ह.च.मा. राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर।

. अतिरिक्त निदेशक/सहायक निदेशक, **हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (रीपा), रानी रोड़, उदयपुर-313001** को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त कार्मिकों को प्रशिक्षण की समाप्ति पर उनके वर्तमान विभाग/कार्यालय के लिए कार्यमुक्त कर निदेशालय को सूचित करें।

. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष.......................................................................................
.................................................को प्रेषित कर लेख है कि संबंधित कार्मिक को प्रशिक्षण हेतु आवश्यक रुप से कार्यमुक्त कर इस विभाग को अवगत करावें क्योकि किसी भी कार्मिक को प्रशिक्षण से मुक्त रखना संभव नही होगा।

. सम्बन्धित कार्मिक को प्रेषित कर लेख है कि उक्त संस्थानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में नियत तिथी/समय पर उपस्थित होकर उपस्थिति की सूचना निदेषालय को अविलम्ब भिजवाना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार की जाने वाली अनुशासनिक कार्यवाही के लिए तथा निर्धारित समयावधि में प्रशिक्षण प्राप्त नही करने के प्रतिफल के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।

. उपनिदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर शाखा (वेबसाइट हेतु)।

. रक्षित/निजी पत्रावली।

**(शिल्पी कौशिक)**
**अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक III)**